*संपादकीय*

# वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा

**गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। आरजी कर अस्पताल बलात्कार कांड के बाद यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है।**

**ममता बनर्जी ने इसे ऐतिहासिक और मॉडल विधेयक कहा है। पश्चिम बंगाल की विधानसभा ने बलात्कार और हत्या के दोषियों को मृत्युदंड का प्रावधान करते हुए इस विधेयक को पारित किया है। इसमें यह भी प्रावधान है कि पुलिस को ऐसे मामलों की जांच पूरी कर 21 दिन के अंदर अपनी पहली रिपोर्ट अदालत में पेश करनी होगी, जिससे मुजरिमों को शीघ्र एवं कठोरतम सजा दिलाना संभव हो जाएगा। इस तरह आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में सियासी तौर पर बुरी तरह घिर गई राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने अपने बचाव का एक राजनीतिक कदम उठाया है। दांव कारगर होगा या नहीं, यह तो बाद में जाहिर होगा। लेकिन जो कदम उठाया गया है, वह सिरे से समस्याग्रस्त है। इससे जाहिर हुआ है कि देश में इतना विवेकहीन माहौल बना हुआ है कि इसके बीच गंभीर मसलों पर भी अतीत से सीख लेने और तार्किक विचार-विमर्श में जाने की गुंजाइश बेहद सिकुड़ चुकी है। निर्भया कांड के बाद देश में ऐसे अपराधों के लिए सजा को सख्त बनाया गया था। उसके बाद बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए और भी सख्त पोक्सो जैसा कानून बना।**

**उन अधिनियमों का तजुर्बा क्या है? क्या उनसे जुर्म पर काबू पाने में तनिक भी मदद मिली? ऐसा ना होना दो प्रमुख वजहों से हुआ है। एक तो अपने देश में कानून के मुताबिक सजा सुनिश्चित करने वाली आपराधिक न्याय व्यवस्था बेहद लचर है, इसलिए अच्छे इरादों के बावजूद ठोस परिणाम हासिल नहीं होते। दूसरे, जिन समस्याओं की जड़ें समाज के आर्थिक और सांस्कृतिक ढांचे में हों, उनका समाधान महज कानून बना कर नहीं किया जा सकता। लेकिन इन गंभीर और मुश्किल सवालों से उलझने का साहस ना हो, तो फिर हर वीभत्स घटना पर राजनीतिक दिखावा ही एकमात्र रास्ता बच जाता है। यही रास्ता ममता बनर्जी की सरकार ने अपनाया है। चूंकि विपक्ष-खासकर भारतीय जनता पार्टी के लिए भी कोलकाता की घटना सिर्फ राजनीतिक लाभ हासिल करने का जरिया है, अतः उसके पास भी कोई सार्थक सुझाव नहीं है। इसीलिए पार्टी ने विधेयक का समर्थन किया है।**

# भारत में जीसीसी से 2030 तक पैदा होंगी 28 लाख नौकरियां

**नई दिल्ली**

भारत दुनिया का जीसीसी कैपिटल बनकर उभर रहा है। दुनिया के कुल ग्लोबल टेक्नोलॉजी कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) में भारत की हिस्सेदारी 17 प्रतिशत है और इसमें 19 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।




जीसीसी मार्केट भारत में 2030 तक बढक़र 99 से 105 अरब डॉलर का हो सकता है। इस दौरान देश में जीसीसी की संख्या बढक़र 2,100 से लेकर 2,200 पहुंच सकती है। वहीं, इनमें कर्मचारियों की संख्या 25 लाख से 28 लाख तक पहुंच सकती है।

पिछले पांच वर्षों में देश में वैश्विक नौकरियों में तेज इजाफा देखने को मिला है। 6,500 से ज्यादा ऐसी नौकरियां अब पैदा हो चुकी हैं। इसमें 1,100 से ज्यादा पदों पर महिलाएं हैं।

नैस्कॉम-जिनोव की रिपोर्ट में कहा गया कि एक चौथाई से ज्यादा वैश्विक इंजीनियरिंग पद भारत में हैं। ये पद एयरोस्पेस, डिफेंस और सेमीकंडक्टर जैसी नई जनरेशन की टेक्नोलॉजी में हैं।

सेमीकंडक्टर फर्म और टेक सेक्टर की बहुराष्ट्रीय कंपनियां भारत में इनोवेशन को बढ़ाने के लिए प्रोडक्ट टीम का विस्तार कर रही हैं।

पिछले पांच वर्षों में 400 से ज्यादा नए जीसीसी और 1,100 से ज्यादा नए सेंटर्स देश में स्थापित हो चुके हैं और इसके कारण देश में जीसीसी की संख्या 1,700 के पार निकल गई है।

वित्त वर्ष 24 में भारत से जीसीसी ने 64.6 अरब डॉलर का निर्यात किया था। वित्त वर्ष 19 से भारत में औसत जीसीसी टैलेंट 24 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है और वित्त वर्ष 24 में 1,130 से ज्यादा कर्मचारी होने का अनुमान है।

देश में 90 प्रतिशत से ज्यादा जीसीसी फाइनेंसियल सेंटर्स, टेक्नोलॉजी ऑपरेशन और प्रोडक्ट इंजीनियरिंग के क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि 220 से ज्यादा जीसीसी यूनिट्स अहमदाबाद, कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कोयंबटूर जैसे शहरों में स्थित हैं।

## कारोबार विस्तार के लिए भारत अच्छी जगह, सरकार कर रही सहयोग : स्पेकमैक्स

**ग्रेटर नोएडा**



भारत में मौजूदा समय कंपनियों के कारोबारी माहौल के लिए काफी अच्छा है। यहां व्यापार करने के लिए ढेर सारे अवसर हैं। साथ ही सरकार की ओर से नीतिगत फैसले लेकर कंपनियों को सहयोग दिया जा रहा है। यह बात स्पेकमैक्स के मणिकंदन गणेशन ने गुरुवार को 'सेमीकॉन इंडिया 2024' में कही।

'सेमीकॉन इंडिया 2024' में गणेशन ने कहा कि इस प्रकार के समिट देश के लिए काफी अच्छे हैं। इससे कंपनियों को व्यापार के अवसर मिलते हैं। इससे भारत सेमीकंडक्टर क्षेत्र में तेजी से आगे जा सकता है। 'सेमीकॉन इंडिया 2024' को सफल बताते हुए गणेशन ने कहा कि समिट में स्वदेशी कंपनियों के साथ विदेशियों से भी अच्छे फीडबैक मिल रहे हैं। इस प्रकार के समिट भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारी कंपनी सिंगापुर में है। फिलहाल कंपनी के पास गुजरात में एक प्लांट है और तमिलनाडु में प्लांट अंडर कंस्ट्रक्शन है।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'सेमीकॉन इंडिया 2024' के उद्घाटन समारोह में संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर विनिर्माण में भारत में निवेश के लिए यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि भारत में वैश्विक कंपनियों का मजबूत इकोसिस्टम मौजूद है। साथ ही बड़ी संख्या में स्किल्ड लोग भी हैं। उन्होंने वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग का आह्वान करते हुए कहा, भारत में आकर निवेश कर वैल्यू क्रिएट करें। हम आपको ग्रोथ के लिए एक इकोसिस्टम उपलब्ध कराएंगे। भारत के पास सेमीकंडक्टर डिजाइन में दुनिया के ग्लोबल टैलेंट का 20 प्रतिशत हिस्सा है। हम 85 हजार की मजबूत सेमीकंडक्टर वर्कफोर्स बना रहे हैं। इसमें तकनीकी विशेषज्ञ, आरएंडडी एक्सपर्ट्स और डिजाइनर शामिल हैं।

## काला चश्मा लगाकर बैटिंग करने आया था श्रेयस अय्यर, शून्य पर हुआ आउट, उड़ा मजाक

**नईदिल्ली**

भारतीय घरेलू क्रिकेट का अहम टूर्नामिंट दिलीप ट्रॉफी का दूसरा राउंड शुरु हो चुका है. दूसरे राउंड में इंडिया ए और डी के बीच मुकाबला हो रहा है. वहीं दूसरा मैच इंडिया बी और सी के बीच हो रहा है. दूसरे मैच में कुछ ऐसा हुआ है जिसके बाद भारतीय टीम का एक दिग्गज खिलाड़ी ट्रोल हो रहा है. ये खिलाड़ी क्रीज पर बल्लेबाजी के लिए चश्मा लगाकर आया था लेकिन बिना खाता खोले उसे पेवेलियन लौटना पड़ा.

इंडिया ए और डी के बीच हो रहे मैच में डी के कप्तान और टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी के लिए काला चश्मा लगाकर आए थे. फैंस को समझ नहीं आया कि अय्यर आखिर ये प्रयोग क्यों कर रहे हैं. लेकिन कुछ देर बाद ही श्रेयस को इस फैसले का खामियाजा भुगतना पड़ा. काला चश्मा पहनकर बैटिंग करने आए श्रेयस को 7 गेंद खेलने के बाद बिना खाता खोले लौटना पड़ा. इसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें जबरदस्त ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है.

## भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण खनिजों और आपूर्ति श्रृंखला के क्षेत्र में साथ मिलकर कर रहे काम : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली**

भारत और अमेरिका महत्वपूर्ण खनिजों, आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने और उन्नत तकनीकों को अपनाने को लेकर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सरकार की ओर से यह जानकारी दी गई।



केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका का रिश्ता द्विपक्षीय और भू-राजनीतिक मुद्दों में साझा हितों के साथ सबसे रणनीतिक संबंधों में से एक हैं।

दोनों देशों की ओर से वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। यूएस का डिपार्टमेंट ऑफ स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत आने वाले इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के साथ साझेदारी करेगा।

दोनों देशों की इस पहल को इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी सिक्योरिटी और इनोवेशन (आईटीएसआई) फंड की मदद मिल रही है। इस फंड को 2022 में चिप्स एक्ट द्वारा स्थापित किया गया है।

यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) की 49वीं एनुअल जनरल मीटिंग को राष्ट्रीय राजधानी में संबोधित करते हुए मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि हमें आतंकवाद के खिलाफ लडऩे के लिए वैश्विक गठजोड़ की आवश्यकता है।

न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 9/11 आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को याद करते हुए गोयल ने कहा कि यह हमला हमें हमेशा याद दिलाता है कि आतंकवाद दुनिया के लिए कितना बड़ा खतरा है।

उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के सिद्धांत पर काम करती है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा कार्य लगातार जनहित में किया जा रहा है। इससे देश को लोगों के जीवन में बदलाव आ रहा है।

भारत सरकार की ओर से 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए चेन्नई पहुंचे विराट कोहली

**नईदिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद लंदन चले गए थे लेकिन 19 तारीख से बांग्लादेश के खिलाफ शुरु हो रही टेस्ट सीरीज के लिए वे भारत लौट चुके हैं और चेन्नई में टीम के साथ जुड़ गए हैं. बता दें कि पहले टेस्ट से एक सप्ताह पूर्व चेन्नई में टीम इंडिया का ट्रेनिंग कैंप लगाया गया है.

विराट कोहली जब चेन्नई एयरपोर्ट से निकल टीम होटल के लिए रवाना हो रहे थे उस समय उनकी सुरक्षा देखने लायक थी. विराट की सुरक्षा बेहद कड़ी थी. सीआईएसएफ के जवानों के अलावा स्थानिय पुलिस के बड़े अधिकारी भी उनकी सुरक्षा में थे और उन्हें सुरक्षाबलों की निगरानी में ही टीम होटल पहुंचाया गया. विराट की सुरक्षा वैसी थी जैसी किसी बड़े केंद्रीय मंत्री की होती है.



विराट कोहली टेस्ट, वनडे और टी 20 मिलाकर 591 पारियों में कुल 26,942 रन बना चुके हैं. अगर वे बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में 58 रन और बना लेते हैं तो वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 27,000 रन पूरे करने वाले हो जाएंगे. अगर वे अगली 8 पारियों के अंदर 58 रन बना लेते हैं तो 600 पारियों के अंदर 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन जाएंगे.

बता दें कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज 27,000 रन बनाने का रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम है. तेंदुलकर ने टेस्ट, वनडे और 1 टी 20 मिलाकर 623 पारियों में 27,000 रन पूरे किए थे.बता दें कि विराट से पहले सचिन के अलावा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कुमार संगाकारा और रिकी पोटिंग के नाम 27,000 रन बनाने का रिकॉर्ड है. सचिन तेंदुलकर ने 782 पारियों में 100 शतक लगाते हुए 34357, कुमार संगाकारा ने 63 शतक लगाते हुए 666 पारियों में 28,016 और रिकी पोंटिंग ने 668 पारियों में 71 शतक लगाते हुए 27,483 रन बनाए हैं.

## रिटेन नहीं हुआ तो नीलामी में युवा गेंदबाज हर्षित राणा पर जमकर बरसेगा पैसा

**नईदिल्ली**




इंडियन प्रीमियर लीग के 18 वें सीजन यानी आईपीएल 2025 की तैयारियां धीरे धीरे जोर पकड़ रही हैं. अगले सीजन से पहले नीलामी होनी है. इस नीलामी में कई रिकॉर्ड टूटने की संभावना है. संभव है कि मिचेल स्टॉर्क का 24.75 करोड़ का रिकॉर्ड भी टूट जाए. हालांकि बीसीसीआई द्वारा अबतक यह तय नहीं किया गया है कि टीमें कितनी खिलाडिय़ों को रिटेन कर सकती हैं. इस घोषणा के बाद ही ये तय हो पाएगा कि कौन सी टीम किन किन खिलाडिय़ों को रिटेन करेगी. रिलीज किए गए खिलाडिय़ों के पास बड़ी रकम पाने का अवसर होगा. ऐसा एक युवा गेंदबाज के साथ भी है.

आईपीएल 2024 में युवा गेंदबाज हर्षित राणा ने अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया था. केकेआर को चैंपियन बनाने में इस गेंदबाज की बड़ी भूमिका रही थी. इस युवा और जोशिले गेंदबाज ने सीजन के 13 मैच में 19 विकेट लिए थे. इस प्रदर्शन के बाद पूरी संभावना है कि केकेआर उन्हें रिटेन करेगी लेकिन अगर केकेआर राणा को रिटेन नहीं करती है तो इतना तय है कि मेगा नीलामी में उन्हें बड़ी रकम मिल सकती है. राणा को 2 से 8 करोड़ के बीच की रकम मिल सकती है. बता दें कि राणा को केकेआर ने आईपीएल 2022 में 20 लाख में खरीदा था.

हर्षित राणा के एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं. वे युवा भी हैं. जो भी टीम उन्हें अपने साथ जोड़ेगी उसके साथ वे लंबे समय तक रह सकते हैं. राणा को दिल्ली कैपिटल्स, लखनऊ सुपर जायंट्स, जीटी और सीएसके टारगेट कर सकती है. हालांकि सबसे अहम ये है कि केकेआर उसे रिटेन करती है या नहीं. बता दें कि 2022 से 2024 के बीच कुल 20 मैच खेले हैं. इस दौरान उन्होंने 25 विकेट लिए हैं. 23 साल के इस गेंदबाज के लिए आईपीएल 2024 काफी यादगार रहा है. इसी प्रदर्श के दम पर उन्हें जिंबाब्वे दौरे के दौरा टी 20 सीरीज में टीम इंडिया स्कवॉड में शामिल किया गया था.

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ज्यादा व्यस्त रहने के कारण आप अपने आस पास ध्यान नहीं दे पाएंगे। अपनों के प्रति प्रेम और विश्वास बढ़ेगा। सभी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

***वृष:*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे।

***मिथुन:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे। शासन व प्रशासन के मामले में सावधानी बरतें। आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर बहुत ही सोच समझकर भरोसा करें।

***कर्क:*** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें। किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें।

***सिंह:*** आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग मिलेगा।

***कन्या:*** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लें। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी।

***तुला:*** आपके लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस के कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे।

***वृश्चिक:*** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास के किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा।

***धनु:*** आज का दिन आपके लिए आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज आपको कर्ज से छुटकारा, जिससे रिलेक्स महसूस करेंगे।


***मकर:*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढऩे की कोशिश करेंगे। आज किसी कठिन काम को मेहनत, धैर्य और समझदारी से आसानी से निपटा लेंगे।

***कुंभ:*** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का प्रयत्न करें। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है।

***मीन:*** आज का दिन आपके लिए दिन अच्छा है। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है, इसमें आपको सफलता मिलेगी। आज आपके रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्लान तैयार करेंगे।

## भुवन बाम की ताजा खबर 2 का ट्रेलर जारी, जावेद जाफरी से भिड़ते दिखेंगे अभिनेता

कॉमेडियन और अभिनेता भुवन बाम की वेब सीरीज ताजा खबर को दर्शकों का काफी प्यार मिला था। यह सीरीज बीते साल 5 जनवरी को डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हुई थी।अब दर्शक ताजा खबर के दूसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म हो जाएगा।दरअसल, ताजा खबर 2 का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिस पर दर्शक खूब प्यार लुटा रहे हैं।नए सीजन में भुवन की भिड़ंत जावेद जाफरी से होने वाली है।



भुवन बाम ने दर्शकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनसे मिले प्यार से वह काफी उत्साहित महसूस करते हैं। उन्होंने इस सीजन का इंतजार करने को लेकर दर्शकों का आश्वस्त करते हुए कहा कि उनका इंतजार सफल साबित होगा। भुवन ने कहा, सीजन 2 की शूटिंग भावनात्मक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण रही है और मैं खुद को वास्या की आंखों में देख सकता था। इस सीजन में मेरे किरदार का ग्राफ बढ़ता है। अभिनेता ने आगे कहा कि उन्हें दिग्गज अभिनेता जावेद जाफरी के साथ काम करने में काफी मजा आया।

ताजा खबर 2 की रिलीज तारीख से भी पर्दा उठ गया है। इस सीरीज का प्रीमियर 27 सितंबर, 2024 से डिज्नी+ हॉटस्टार पर होने जा रहा है।इसमें भुवन और जावेद के अलावा श्रिया पिलगांवकर, महेश मांजरेकर, प्रथमेश परब, नित्या माथुर, देवेन भोजनी और शिल्पा शुक्ला जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।ताजा खबर 2 का निर्देशन हिमांक गौड़ ने किया है। भुवन ने इसका निर्माण रोहित राज के साथ मिलकर किया है।

## विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आउट, राजकुमार-तृप्ति ने लगाया रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का


राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की अपकमिंग कॉमेडी ड्रामा विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. ट्रेलर काफी मजेदार है और कॉमेडी से भरपूर है. फिल्म में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी लीड रोल में हैं उनके साथ ही मल्लिका शेरावत, विजय राज, मस्त अली जैसे कलाकार सपोर्टिंग रोल में हैं. इनके अलावा शहनाज गिल और दलेर मेहंदी का गाने में स्पेशल अपीयरेंस है.



ट्रेलर की शुरूआत में विक्की और विद्या अपनी का इंटीमेट वीडियो बनाते हैं और इसे रिकॉर्ड करते हैं लेकिन इसकी सीडी प्लेयर कहीं चोरी हो जाती है. इसी को खोजने की जद्दोजहद में मेकर्स ने गजब का कॉमेडी का तडक़ा लगाया है जिसमें विजय राज एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में हैं जो मल्लिका शेरावत के प्यार में पड़ जाता है.

## मीना कुमारी की बायोपिक कमाल-मीना का टीजर आउट, दिग्गज एक्ट्रेस की लव स्टोरी का खुलेगा राज

हिंदी सिनेमा की दिग्गज और खूबसूरत एक्ट्रेस मे से एक मीना कुमारी के बारे में कौन नहीं जानता. मीना कुमारी जितनी सुंदर थीं, उससे कई ज्यादा उनके अभिनय में खूबसूरती नजर आती थी, जिन सिनेप्रेमियों को मीना कुमारी के बारे में जानकारी नहीं हैं, उनके लिए एक गुडन्यूज है. दरअसल, हिंदी सिनेमा का आइकॉनिंग सॉन्ग चलते-चलते (पाकीजा) फेम एक्ट्रेस मीना कुमारी की बायोपिक का टीजर रिलीज हो गया है. इस मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर को संजय दत्त ने भी शेयर किया है. मीना कुमारी का बायोपिक लंबे समय से चर्चा हो रही थी.



संजय दत्त ने मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर को शेयर कर लिखा है, डियर साची और बिलाल, नए वेंचर के लिए ऑल द बेस्ट, भगवान करे यह सुपरहिट हो, संजय मामू की तरफ से हमेशा प्यार बना रहेगा, यह मस्ट वॉच फिल्म है.

मीना कुमारी की बायोपिक के टीजर की बात करें तो इसमें मीना कुमारी और उनके पति कमाल अमरोही की लव स्टोरी के पल दिख रहे हैं. कमाल अमरोही फिल्म डायरेक्टर और स्क्रीनराइटर थे. उनका असली नाम सैय्यद आमिर हैदर कमल नकवी था और उनका स्क्रीन नाम कमाल अमरोही था.

वहीं, सारेगामा ने भी अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर मीना कुमारी का बायोपिक कमाल-मीना का टीजर शेयर किया है. उन्होंने लिखा है, एक सपना जो खत्म होने से डरा नहीं, एक ऐसा प्यार जो सीमाओं से परे गया. इस फिल्म को सिद्धार्थ मल्होत्रा, बिलाल अमरोही बना रहे हैं. फिल्म में इरशाद कामिल ने गाने लिखे हैं. इन गानों के एआर रहमान ने अपना मधुर संगीत दिया है.

बता दें, मीना कुमारी को हिंदी सिनेमा में सुपरस्टार दिलीप कुमार की तरह एक टैग मिला हुआ था. दिलीप कुमार ट्रेजेडी किंग तो मीना कुमारी ट्रेजेडी क्वीन माना जाता था.


## शब्द सामर्थ्य- 177

**बाएं से दाएं**

1. भारत के वर्तमान वित्तमंत्री 6. हित, उपकार 7. असमान, पूर्वोत्तर का एक राज्य 8. किसी वस्तु व्यक्ति आदि के पहचान सूचक संबोधन का शब्द, संज्ञा 10. शवस्थल पर बनाया गया मकान, योग का अंतिम अंग, तपस्या 13. इंकार करना, ना कहना 14. पिता, क्लर्क, सम्मानीय व्यक्ति 15. आय पर लगने वाला टैक्स, इंकमटैक्स 16. प्रतिद्वंद्वी, प्रेमिका का दूसरा प्रेमी 17. परंपरा, रीति, रिवाज 20. रुप से युक्त, चिह्न, लक्षण, नाटक, एक साहित्यिक अलंकार 23. लोग, प्रजा 25. नामी, नामवर, प्रसिद्ध 27. संसार का स्वामी, बादशाह, सम्राट, ईश्वर 28. फैलाना, खिंचाव पैदा करना।

**ऊपर से नीचे**

1. मारना, प्रहार करना, आघात करना 2. मिथ्याअभिमान, आडंबर 3. विपत्ति, आफत 4. मालदार, धनवान, अमीर 5. ज्ञान प्राप्त करना, अनुमान लगाना, कल्पना करना 7. हक 9. विवश, लाचार 11. मानकंद, नापने का पैमाना 12. अपमानित और तिरस्कृत 17. संतान उत्पन्न करने की क्रिया, जन्म देने की क्रिया 18. लंबे कपड़े का गट्ठा, पशुओं को रखने की जगह 19. जलयान, वायुयान, जलपोत 21. आश्रय, सहारा 22. थोड़ा, जरा, तनिक 24. जुर्म, गुनाह 26. बाघ की तरह का धारीदार हिंसक एवं विशाल पशु।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 176 का हल**



## सू-दोकू- 177

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.176का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |